# उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग,
## हरिद्वार, पिन कोड–249404

**संख्या :: 116/04/E-2/DR/CIVIL JUDGE/2024-25** **दिनाँक :: 24 जुलाई, 2026**

## <u>विस्तृत विज्ञप्ति</u>

## <u>उत्तराखण्ड न्यायिक सेवा सिविल न्यायाधीश (कनिष्ठ श्रेणी) परीक्षा–2023</u>

**एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उत्तराखण्ड न्यायिक सेवा सिविल न्यायाधीश (कनिष्ठ श्रेणी) परीक्षा–2023** हेतु **प्रकाशित विज्ञापन संख्या–04/E-2/DR/Civil Judge/2024-25,** दिनांक 16.05.2025 के सापेक्ष दिनांक 21.04.2026 से 24.04.2026 तक सम्पन्न मुख्य परीक्षा का परिणाम दिनांक 03.07.2026 को घोषित कर दिया गया है।

**2.** उक्त परीक्षा परिणाम में औपबन्धिक रूप से सफल घोषित अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र डाउनलोड किए जाने हेतु लिंक आयोग की वेबसाइट **psc.uk.gov.in** पर दिनांक 24.07.2026 से 07.08.2026 तक खोला जाएगा। अभ्यर्थी उक्त लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन पत्र डाउनलोड करते हुए अभिलेखों की चैकलिस्ट (Checklist) एवं ऑनलाइन आवेदन–पत्र में किये गये दावे के सापेक्ष, समस्त शैक्षणिक अर्हता, स्थायी निवास, लम्बवत/क्षैतिज आरक्षण आदि अभिलेखों की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति **सचिव, उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार** के कार्यालय में डाक अथवा अन्य किसी भी माध्यम से दिनांक **07 अगस्त, 2026 (शुक्रवार) (सायं 06:00 बजे)** तक जमा करना सुनिश्चित करें। अभ्यर्थी लिफाफे के ऊपर परीक्षा का नाम **"उत्तराखण्ड न्यायिक सेवा सिविल न्यायाधीश (कनिष्ठ श्रेणी) परीक्षा–2023" एवं अनुक्रमांक** अवश्य अंकित करें। निर्धारित अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त अभिलेखों को आयोग द्वारा स्वीकार नहीं किया जायेगा।

**3.** अभ्यर्थियों को उपरोक्त के संबंध में डाक द्वारा पृथक से सूचना प्रेषित नहीं की जायेगी। अभ्यर्थी अपने ऑनलाइन आवेदन पत्र के साथ चैक–लिस्ट (Checklist) के अनुसार अपने वांछित अभिलेख/प्रमाण–पत्र की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति आयोग कार्यालय में निर्धारित तिथि 07 अगस्त, 2026 (सायं 06:00 बजे) तक प्रेषित करें तथा किसी भी दशा में अपूर्ण व अस्पष्ट अभिलेख प्रेषित न करें। यदि दावों एवं अभिलेखों में किसी भी प्रकार की विसंगति पायी जाती है अथवा दावे असत्य पाये जाते हैं, तो अभ्यर्थी को मा0 आयोग द्वारा साक्षात्कार में सम्मिलित होने की अनुमति प्रदान नहीं की जायेगी।

अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन–पत्र के सापेक्ष उपलब्ध कराये गये अभिलेखों का मूल प्रति के साथ सत्यापन साक्षात्कार के समय उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार में किया जायेगा।

**-SD-**
**(अशोक कुमार पाण्डे)**
**सचिव।**